राज्य कैंसर संस्थान का वर्चुअल भूमि पूजन

चर्चा में क्यों?

22 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में बिलासपुर में 120 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक 'राज्य कैंसर संस्थान'का भूमि-पूजन किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य कैंसर संस्थान कैंसर के इलाज के लिये आवश्यक अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा और आगामी एक वर्ष में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
- बिलासपुर में निर्मित होने वाले राज्य कैंसर संस्थान में सभी प्रकार के कैंसर के इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। संस्थान में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक कैंसर वार्ड और 20 बिस्तरों के अत्याधुनिक आईसीयू वार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी।
- राज्य कैंसर संस्थान में सभी प्रकार की कीमोथेरैपी, जैसे- टार्गेटेड, इम्यूनो, मॉलिकुलर, मेटरोनॉमिक सुविधा निःशुल्क मिलेगी। यहाँ अत्याधुनिक रेडियोथेरैपी मशीन से इलाज किया जाएगा।
- दो लीनियर एक्सीलरेटर, कोबाल्ट ब्रेकीथेरेपी यूनिट, पीईटी स्कैन मशीन, सीटी सिमुलेटर, एमआरआई मशीन और कैंसर अनुसंधान के लिये सभी अत्याधुनिक साधन राज्य कैंसर संस्थान में उपलब्ध होंगे।
- स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख एवं गले का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, बड़ी आँत एवं गुदा का कैंसर, पेट के कैंसर, यकृत, पित्त की थैली के कैंसर, हड्डी के कैंसर, ब्लड कैंसर का इलाज एक ही छत के नीचे हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/virtual-bhoomi-pujan-of-state-cancer-institute